कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर।

(Email id- rtamuztirhut.bih@bihar.gov.in)

आवश्यक सूचना

परिवहन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 8135 दिनांक 23.11.2020, पत्रांक 8473 दिनांक 14.12.2020, पत्रांक 8471 दिनांक 14.12.2020 एवं ज्ञापांक 13100 दिनांक 30.10.2024 के आलोक में वाहन परिचालन हेतु निर्गत किये गये परमिट का शत–प्रतिशत इन्ट्री वाहन 4.0 सॉफ्टवेयर में किया जाना बाध्यकारी है। दिनांक 15.11.2024 को एक सप्ताह का समय निर्धारित करते हुए इस प्राधिकार द्वारा निर्गत मैनुअल परमिट टाईम स्लॉट के साथ वाहन 4.0 सॉफ्टवेयर मे इन्ट्री करवाने के लिए आवेदन की माँग की गयी थी, परन्तु आवेदन कम प्राप्त होने पर पुनः दिनांक 26.11.2024 को अंतिम रूप से तीन दिनों का समय निर्धारित करने के बाद भी सिर्फ दो ही मामले प्राप्त हुए। कुछ वाहन स्वामियों द्वारा वाहन 4.0 सॉफ्टवेयर मे ऑनलाईन कराने हेतु अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया गया। इसके आलोक में विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि वर्णित कार्य हेतु समय सीमा दिनांक 04.12.2024 तक विस्तारित किया जाए।

अतः सभी वाहन स्वामियों को अंतिम रूप से मौका देते हुए सूचित किया जाता है कि निर्धारित समय तक निश्चित रूप से मैनुअल परमिट टाईम स्लॉट के साथ कार्यालय में आवेदन के साथ जमा करना सुनिश्चित करें अन्यथा वर्णित समयावधि के बाद मैनुअल परमिट का टाइम स्लॉट फ्री कर दिया जाएगा एवं **प्राधिकार की आगामी बैठक में मैनुअल परमिट से आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा** साथ ही प्रवर्त्तन पदाधिकारियों द्वारा की गई शमन कार्रवाई या अन्य शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा।

29.11.24

संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,
मुजफ्फरपुर।